सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **129**
03/02/2026

राज्यपाल ने बिहारवासियों को शब–ए–बारात की शुभकामनाएँ दी

पटना 03 फरवरी, 2026 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने शब–ए–बारात के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि शब–ए–बारात के अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं। वे अपने गुनाहों की माफी माँगते हैं तथा पूर्वजों को भी याद करते हैं। उन्होंने कहा है कि हमें इस रात को समाज में प्रेम और भाईचारा की मजबूती तथा बिहार व देश की प्रगति के लिए खुदा से दुआ करनी चाहिए।

राज्यपाल ने इस पावन त्योहार को शांति, सद्भावना और श्रद्धापूर्वक मनाने की गुजारिश की है।

....